दैनिक जागरण 3 मार्च, 2024

दैनिक जागरण

रविवार, 3 मार्च, 2024

एसवीएन कालेज तथा मनोह गांव में विद्यार्थी व लोग किए जागरूक

एसवीएन बीएड कालेज तरक्वाड़ी में शनिवार को आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में मौजूद मुख्यातिथि एसडीएम एवं भोरंज विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी संजय कुमार, स्टाफ व विद्यार्थी • जागरण

संवाद सहयोगी, भोरंज : एसवीएन बीएड कालेज तरक्वाड़ी और मनोह गांव में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम काय आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एसडीएम एवं भोरंज विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी संजय कुमार मुख्य अतिथि थे। एसडीएम ने बीएड प्रशिक्षुओं और आम मतदाताओं को चुनावी प्रक्रिया के महत्व के बारे में जागरूक किया और उन्हें वोटर आइडी कार्ड के लिए आवेदन करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी कुलवंत सिंह, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बधाणी के प्रधानाचार्य अनिल डोगरा, एसवीएन कालेज के प्राचार्य कुलदीप चंदेल आदि मौजूद रहे।

दिव्य हिमाचल 3 मार्च, 2024

दिव्य हिमाचल

रविवार, 3 मार्च, 2024

एसवीएन कालेज जागरुक किए मतदाता

भोरंज। भारत निर्वाचन आयोग के जागरुकता कार्यक्रम 'स्वीप' यानि व्यवस्थित मतदाता शिक्षा और चुनावी भागीदारी के तहत शनिवार को एसवीएन बीएड कॉलेज तरक्वाड़ी और गांव मनोह में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए गएए जिनमें एसडीएम एवं भोरंज विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी संजय कुमार ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर एसडीएम ने बीएड प्रशिक्षुओं और आम मतदाताओं को चुनावी प्रक्रिया के महत्व के बारे में जागरुक किया और उन्हें वोटर आईडी कार्ड हेतु आवेदन करने के लिए प्रेरित किया।

हमीरपुर केसरी

गुरुवार THURSDAY, 7 मार्च 2024

प्रशिक्षु अध्यापकों को मतदान का महत्व बताया

हमीरपुर, 6 मार्च (राजीव): मेरा पहला वोट देश के लिए अभियान के अंतर्गत स्वामी विवेकानंद शिक्षा महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।

कार्यक्रम में एस.डी.एम. भोरंज संजय कुमार के द्वारा महाविद्यालय के प्रशिक्षु अध्यापकों को मतदान के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। इस दौरान नारा लेखन प्रतियोगिता, काव्य प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता और सैल्फी प्वाइंट जैसी गतिविधियों का आयोजन भी किया गया।

इस अवसर पर कालेज प्रबंधन कमेटी के अध्यक्ष सी.ए. राजीव शर्मा ने एन.एस.एस. वालंटियर को मतदान के लिए प्रोत्साहित व जागरूक किया। वहीं कालेज की स्वयंसेवी इकाई के द्वारा मतदाता जागरूक रैली तरक्वाड़ी से एस.डी.एम. ऑफिस तक निकाली गई। इस अवसर पर स्वयंसेवी इकाई के द्वारा भारत में मतदान को अनिवार्य बनाया जाना चाहिए या नहीं इस विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता में भाग लिया और साथ ही मतदान प्रक्रिया के ऊपर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया।

Page No.
Date: / /201

पंजाब केसरी, 31 मार्च 2024

पंजाब केसरी 31 मार्च 2024

हमीरपुर : स्वामी विवेकानंद कालेज तरक्वाड़ी में रक्तदान शिविर में रक्तदान करते हुए युवा तथा (दाएं) सी.एम.ओ. हमीरपुर डा. आर.के. अग्निहोत्री अपने जन्मदिन पर रक्तदान करते हुए (राजीव)

तरक्वाड़ी कालेज में 40 युवाओं ने किया रक्तदान

सी.एम.ओ. हमीरपुर ने अपने जन्मदिन पर किया रक्तदान

हमीरपुर, 30 मार्च (राजीव): युवा मंडल बधानी द्वारा स्वामी विवेकानंद कालेज तरक्वाड़ी में लगाए गए रक्तदान शिविर में 40 युवाओं ने रक्तदान किया। इस अवसर पर विशाल शर्मा ने अपने जन्मदिन पर रक्तदान किया। यह जानकारी युवा मंडल के प्रधान राजन शर्मा ने दी है। उन्होंने बताया कि युवा मंडल का यह 24वां रक्तदान कैंप था और अब तक 1,500 यूनिट रक्तदान युवा मंडल द्वारा करवाया जा चुका है।

उधर, हमीरपुर मैडीकल कालेज में सी.एम.ओ. हमीरपुर डा. आर.के. अग्निहोत्री ने भी अपने जन्मदिन पर रक्तदान किया। उन्होंने कहा कि सभी स्वस्थ लोगों को जरूर रक्तदान करना चाहिए, क्योंकि उनके द्वारा दान किए गए रक्त से दूसरे व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है।